MHNHC-1.2

Sl. No.

I Semester M.A. Degree Examinations, October/November-2025

HINDI

Adhunik Hindi Kavya

आधुनिक हिन्दी काव्य

(CBCS SLM Scheme)

Time : 3 Hours **Maximum Marks : 80**

Note:- All Sections are compulsory.

SECTION - A

किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(4×5=20)**

1. भाभी, है यह बात अलीक नहीं
औरों के झगडे में पडता, कभी किसी को ठीक नहीं।
पंचायत करने आई थी अब प्रपंच में क्यों न पडो
वंचित ही होना पडता है, यदि औरों के लिए लडो।।

2. पंचवटी की छाया में है, सुंदर पर्ण कुटीर बना
जिसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर, धीर वीर निर्भीकमना
जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जब कि भुवन भर सोता है?
भोगी कुसुमायुध योगी सा, बना दृष्टिगत होता है।।

3. उर्वशी पूछती है, क्या ईश्वर और प्रकृति दो हैं?
क्या ईश्वर प्रकृति का प्रतिबल है, उसका प्रतियोगी है?
क्या दोनों एक साथ नहीं चल सकते?
क्या प्रकृति ईश्वर का शत्रु बनकर उत्पन्न हुई है?
अथवा क्या ईश्वर ही प्रकृति से रुष्ट है?

4. चाह यही छू लूँ स्वप्नों की, नग्न कांति बढ़कर निज कर से,
इच्छा है आवरण त्रस्त हो गिरे दूर अंत: श्रुति पर से।
पहुँच अगेय–गेय संगम पर सुनूँ मधुर वह राग निरामय,
फूट रहा जो सत्य, सनातन कविर्मनिषी के स्वर–स्वर से।।

[P.T.O.

5. आँसू से भीगे अंचल पर, मन का सब कुछ रखना होगा
तुमको अपनी स्मितरेखा से यह संधि पत्र लिखना होगा।
यह आज समझा तो पाई हूँ, मैं दुर्बलता में नारी हूँ
अवयव की सुंदर कोमलता, लेकर मैं सबसे हारी हूँ।।

6. उस मुख पर वह मुसकान
रक्त किसलय पर ले विश्राम;
अरूण का एक किरण अंलान
अधिक उलसाई हो अभिराम

SECTION - B

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3×10=30)**

7. दिवेदी युगीन प्रमुख कवियों में मैथिलीशरण गुप्त का स्थान निर्धारित कीजिए।

8. 'उर्वशी' महाकाव्य के आधार पर 'उर्वशी' का चरित्र–चित्रण कीजिए।

9. 'कामायनी' महाकाव्य के आधार पर 'श्रध्दा' की चरित्रगत विशेषताओं का आकलन कीजिए।

10. 'कामायनी' महाकाव्य में अभिव्यक्त मनोविज्ञान एवं दर्शन पर प्रकाश डालिए।

11. नयी कविता की विकास यात्रा पर लेख लिखिए।

SECTION - C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2×15=30)**

12. 'पंचवटी' खंडकाव्य का वस्तुगत विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

13. 'कामायनी' महाकाव्य का कथासार लिखिए।

14. 'उर्वशी' महाकाव्य का भावपक्ष एवं कलापक्ष पर प्रकाश डालिए।

15. पठित मुक्तिबोध की कविताओं का विश्लेषण कीजिए।